प्रसार भारती

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 सोमवार** **दिनांक 19.08.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचार:–**

1– केंद्र सरकार ने राज्यों को मंकी पॉक्स बीमारी का तत्काल पता लगाने के लिए प्रभावी उपाय करने तथा निगरानी बढ़ाने के दिए निर्देश।

2– वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चौधरी ने मोबाईल बेस्ड एप्लीकेशन 'सुगम' का किया लोकार्पण–लोगों के साथ होने वाली संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी और टैक्स चोरी को रोकने में मदद मिलेगी।

3– आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है रक्षाबंधन का त्यौहार।

4– मौसम विभाग ने कल प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई–बस्तर के कुछ जिलों में बारिश का सिलसिला जारी।

**मंकी पॉक्स–निर्देश**

केंद्र सरकार ने राज्यों को मंकी पॉक्स बीमारी का तत्काल पता लगाने के लिए प्रभावी उपाय करने तथा निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्रा ने देश में मंकी पॉक्स की स्थिति और स्वास्थ्य उपायों की स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंकीपॉक्स की स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। श्री मिश्रा ने इस बीमारी का तत्काल पता लगाने के लिए जांच प्रयोगशालाओं का नेटवर्क बढ़ाने को कहा है। फिलहाल जांच के लिए बत्तीस प्रयोगशालाएं तैयार हैं। बीमारी के इलाज और रोकथाम के प्रोटोकॉल का प्रचार व्यापक स्तर पर किया जाना चाहिए। देश में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई रोगी नहीं है।

**अंतरिक्ष दिवस–कार्यक्रम**

केन्द्र सरकार ने चंद्रयान–तीन मिशन की उल्लेखनीय सफलता का उत्सव मनाने के लिए तेईस अगस्त को "राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस" घोषित किया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा चंद्रयान–तीन मिशन की सफलता के उपलक्ष्य में युवाओं में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की इस साल की थीम ''चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा'' है। बाईस और तेईस अगस्त को प्रदेश के स्कूलों में एनसीईआरटी द्वारा विकसित विशेष 'चंद्रयान पर आधारित मॉड्यूल' प्रदर्शित

किए जाएंगे। इस अवसर पर व्याख्यान, पोस्टर, निबंध, मॉडल बिल्डिंग, क्विज और पेटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित तीस मिनट का एक वीडियो स्कूलों में प्रदर्शित किया जाएगा।

**मोबाईल बेस्ड एप्लीकेशन ''सुगम''**

_____वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कल मोबाईल बेस्ड एप्लीकेशन 'सुगम' का लोकार्पण किया। इस एप्लीकेशन में कोई भी व्यक्ति संपत्ति स्थल की फोटो तथा अक्षांश और देशांतर भौगोलिक स्थिति को रजिस्ट्री सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट कर सकेगा। इससे संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी और टैक्स चोरी को रोकने में मदद मिलेगी।

साथ ही श्री चौधरी ने मंत्रालय में पंजीयन विभाग के कामकाज की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पंजीयन विभाग जनता से जुड़ा विभाग है। लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसका विषेष ध्यान रखा जाए। विभाग में बिचौलियों के प्रवेश को रोकें।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पुराने दस्तावेजों के स्कैनिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और कुछ ही दिनों में पंजीयन विभाग के सर्च और नकल मॉड्यूल को पूरी तरह से ऑनलाईन कर दिया जाएगा। इससे कोई भी व्यक्ति कार्यालय में आए बिना निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा कर पुराने दस्तावेजों की सर्च कर सकेगा और नकल ऑनलाईन डाउनलोड कर सकेगा। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पंजीयन विभाग को कैश, पेपर और फेसलेस बनाने का काम चल रहा है।

## भाजपा सदस्यता–अभियान

सदस्यता अभियान की जानकारी देने कल बीस अगस्त को भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में होने जा रही इस कार्यशाला में राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय शामिल होंगे।

भाजपा सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने बताया कि कल होने वाली बैठक में सदस्यता का लक्ष्य तय किया जाएगा। केंद्रीय नेतृत्व ने देशभर में इस बार दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। श्री सिंहदेव ने बताया कि इस बैठक में प्रदेशभर के पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

## भू–जल वैज्ञानिक प्रशिक्षण

केन्द्र सरकार ने देश के भूजल संसाधनों की जांच, अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास, प्रबंधन और विनियमन के सभी पहलुओं के लिए युवा भूजल वैज्ञानिकों की भर्ती की है। इन वैज्ञानिकों का प्रशिक्षण रायपुर के राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान में शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सीजीडब्ल्यूबी के अध्यक्ष डॉक्टर सुनील कुमार अम्बष्ट ने किया। कार्यक्रम में सीजीडब्ल्यूए के सदस्य टी.बी.एन. सिंह और आरजीआई के

क्षेत्रीय निदेशक, निधीष वर्मा ने डिजाइन, उद्देश्यों और आईएलटीसी के परिणामों के बारे में वैज्ञानिकों को जानकारी दी।'

**<u>आबकारी अधिकारी–कार्रवाई</u>**

राज्य स्तरीय आबकारी अधिकारियों की टीम ने बिलासपुर जिले की अट्ठारह मदिरा दुकानों में दबिश देकर की जांच–पड़ताल की। गौरतलब है कि बिलासपुर जिले में संचालित मदिरा दुकानों की व्यवस्था को लेकर विभिन्न माध्यमों और टोल–फ्री नंबर से शासन को लगातार शिकायत मिल रही थी, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। शासन ने प्रबंध संचालक श्यामलाल धावड़े के नेतृत्व में राज्य मुख्यालय में पदस्थ वरिष्ठ आबकारी अधिकारियों, सी.एस.एम.सी.एल. और सी.एस.बी.सी.एल. के अधिकारियों की टीम गठित की है, जो लगातार यह कार्रवाई कर रही है।

**<u>रक्षाबंधन</u>**

भाई–बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। आज के दिन बहन अपने भाई के हाथ में रक्षासूत्र बांधती है और उसे मिठाई खिलाती है। भाई भी अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेकर उपहार देता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रक्षाबंधन के अवसर पर लोगों को बधाई दी हैं। वहीं, भाजपा

के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने भी प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं।

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रायपुर की संचालिका ब्रह्मकुमारी सविता बहन और ब्रह्मकुमारी रश्मि बहन ने मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन की कामना की।

वहीं, रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री को ट्रांसजेंडर, स्वच्छता दीदी, स्व–सहायता समूह की महिलाएं, दिव्यांग और आदिवासी बच्चियों ने राखी बांधी। इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि साल में एक बार राखी का त्यौहार आता है, लेकिन मुख्यमंत्री हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत हमें उपहार देते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सम्मान, समृद्धि और सुरक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**<u>जवान–रक्षाबंधन</u>**

देशभर सहित आज राज्य में सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने ‘‘रक्षा बंधन’’ का पर्व मनाया। इस दौरान स्व–सहायता समूह की दीदीयों और स्कूली छात्राओं ने अंदरूनी कैम्पों में तैनात सुरक्षा बलों के जवानों को राखी बांधी।

सुकमा जिले के माओवाद प्रभावित क्षेत्र में स्थित सीएएएफ कैंप परिया में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं ने जवानों को राखी बांधी। इसी प्रकार मिसमा, पोलमपली,

कांकेरलंका, बुरकापाल, चितंलनार, जगरगुण्डा, कोर्रा, चिंगावरम और तोंगपाल सहित अन्य कैम्पों में जवानों को समूह की दीदीयों ने राखी बाधी। इस अवसर पर जवानों की ओर से बहनों को उपहार भी दिए गए।

इसी तरह, कोण्डागांव जिले के मर्दापाल क्षेत्र के ग्राम राणापाल में तैनात आईटीबीपी के जवानों को क्षेत्र की महिलाओं ने राखी बांधी।

वहीं, भिलाई में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ और सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के जवानों को दो अलग–अलग निजी संस्थाओं की महिला सदस्यों ने राखी बांधी।

राज्य के सभी पुलिस कैम्पों में आज रक्षाबंधन का पर्व विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। नारायणपुर जिले के विभिन्न कैम्पों में महिलाओं ने जवानों को रक्षासूत्र बांधे।

**<u>सावन सोमवार</u>**

आज सावन का अंतिम सोमवार है। इस बार सावन के महीने में की जाने वाली शिव की आराधना पांच सोमवार तक की गई। इस अवसर पर प्रदेशभर के शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। भक्तों द्वारा लाए गए विभिन्न नदियों के जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जा रहा है। राजधानी रायपुर के शिवालयों में भी आज सुबह से ही शिवभक्तों की कतार लगी रही। बुढ़ेश्वर महादेव, हटेकश्वर नाथ मंदिर महादेवघाट सहित सभी मंदिरों में कावड़ियों द्वारा जलाभिषेक किया गया। वहीं, जांजगीर–चाम्पा के नवागढ स्थित लिंगेश्वर महादेव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार पर दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ देखी गई।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सावन मास के अंतिम दिन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ज्योतिर्लिंग की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## रेडियो श्रोता दिवस

कल रेडियो श्रोता दिवस है। इस मौके पर ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन द्वारा रायपुर के वृंदावन हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज शामिल होंगे। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में आकाशवाणी के पूर्व कार्यक्रम निदेशक लखनलाल भौर्य और वरिष्ठ उद्घोषक प्रकाश उदय हिस्सा लेंगे। इस दौरान लिसनर्स ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## मौसम

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा संभाग सहित उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की आंशका व्यक्त की है। प्रदेश में बाईस अगस्त से एक बार फिर व्यापक वर्षा का दौर शुरू होने की संभावना है।

उधर, बस्तर के कुछ जिलों में अब भी लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाक़े में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

चिंतलनार–जगरगुंडा के बीच चिंतावागु नदी में बने पुल के उपर से पानी बह रहा है। जिसकी वजह से जगरगुंडा और दोरनापाल के बीच आवागमन बंद हो गया है। वहीं, जगरगुंडा के कमारगुड़ा के पास भी पानी पुल के ऊपर आ गया है, जिससे दंतेवाड़ा मार्ग बंद हो गया है। पुलिस औरर प्रशासन ने लोगों से नाला पार नहीं करने की अपील की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>